प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सस्टेनेबल फैशन पर वेबिनार का आयोजन

पंतनगर। 02 नवम्बर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित किये जा रहे उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 'संस्टेनेबल फैशन' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय डिज़ाइनर, विशेषज्ञ, श्रीमती पूर्वी दोषी का स्वागत प्राध्यापक, वस्त्र एंव परिधान विभाग, डा. मनीषा गहलोत, द्वारा किया गया। डा. गहलोत ने बताया कि श्रीमती दोषी उन फेब्रिक का इस्तेमाल अपने परिधानों में करती है जो प्रकृति को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं। श्रीमती पूर्वी ने अपनी सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि पर्यावरण व प्रकृति जन-जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जोकि अपने परिधानों की रंगाई प्राकृतिक रंगों एवं डाई द्वारा करती हैं। श्रीमती दोषी ने लैक्मे फैशन वीक, न्यूयार्क फैशन आदि में भारतीय परिधान, कशीदाकरी व परांम्परागत कला को अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान एवं गुजरात के काला कॉटन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति दिलाने वाली पहली महिला डिजाइनर हैं।

कार्यक्रम में निदेशक सेवायोजन, डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल, कार्यक्रम समन्वयक डा. सीमा क्वात्रा, विभागाध्यक्ष, वस्त्र एंव परिधान विभाग, डा. शहनाज जहान, डा. शेफाली मैसी, डा. नीतू डोभाल, डा. दिव्या सिंह, डा. अनुपमा पाण्डे आदि उपस्थित रहें।